→ सर्वेक्षण से तात्पर्य ऐसे अध्ययनों से है, जिसमें अनुसंधानकर्ता को किसी विशेष स्थान पर जाकर कुछ अवस्थाओं या परिस्थितियों से संबंधित सही सूचनाओं का संकलन करना होता है।
→ अनुसंधानकर्ता घटना का वैज्ञानिक निरीक्षण करता है। तथा उसके सम्बन्ध में खोज करता है
→ जनसंचार की समस्याओं के प्रति सर्वेक्षण उपकरण सर्वाधिक व्यापक रूप में प्रयुक्त किए जाने वाले उपागमों में से एक

परिभाषा वेबस्टर- "वास्तविक जानकारी प्राप्त करने के लिए किया गया आलोचनात्मक निरीक्षण ही सामाजिक सर्वेक्षण है।"

सर्वेक्षण के प्रमुख सोपान :

- उद्देश्य का निर्धारण - सर्वेक्षण पूर्व निर्धारित उद्देश्य को ध्यान में रखकर
- उपकरण एवं प्रविधि का चयन
- उपकरणों का परीक्षण - विश्वसनीयता, वैधता, उपादेयता - जानने के लिए
- प्रतिदर्श का चयन - प्रतिदर्श का आकार, तरीका, सर्वेक्षण के उद्देश्य, सर्वेक्षण में प्रयुक्त विधि
- प्रतिदर्श कार्य का निर्धारण

सर्वेक्षण की विशेषताएं :

- सर्वेक्षण एकमात्र ऐसा साधन है, जो वर्तमान समय में विद्यमान तथ्यों का अध्ययन, वर्णन एवं व्याख्या करता है।
- अनुकर्ता द्वारा अपने अध्ययन के लिए सर्वेक्षण उपकरण प्रयुक्त करना सभी दृष्टिकोणों से उपयुक्त होता है।
- सर्वेक्षण वर्तमान समय में विद्यमान तथ्यों के अध्ययन का उत्तम साधन है।

विशेषताएं :-

- संचार समस्याओं में सर्वेक्षण, सर्वाधिक व्यापक रूप में तथ्यों को प्रस्तुत करने वाला उपागम है।
- आदर्शमूलक रूप में यह सामान्यतया विशिष्ट व्यवहारों या स्थितियों के निर्धारण को स्पष्ट करता है।
- आदर्श सर्वेक्षण - अनुसंधान जिसका उद्देश्य वर्तमान समय में सामान्य अथवा विशिष्ट व्यवहारों या स्थिति को ज्ञात करना होता है।
- इस अनुसंधान का संबंध व्यक्तिगत विशेषताओं से न होकर पूर्ण जनसंख्या या उसके न्यायदर्श की सामान्यीकृत सांख्यिकी से होता है।
- इस अनुसंधान में स्पष्ट परिभाषित समस्या तथा सुनिश्चित उद्देश्य सम्मिलित होते हैं इसमें कथन प्रधान आयोजनों को सावधानीपूर्वक विश्लेषण व्याख्या तथा निष्कर्ष का तर्कयुक्त निपुणतापूर्ण निवेदन शामिल है।
- स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी जानकारी प्रदान की जाती है।
- यह गुणात्मक या संख्यात्मक दोनों प्रकार का
- अनुसंधान की पूर्व योजना अथवा अनुसंधान के विस्तृत क्षेत्र के सोपानों में यह उपयुक्त रूप से अनुकूल प्रतीत होती है।

सर्वेक्षण का महत्व :

- यह वर्तमान प्रकृति का पता लगाती है, जिससे समस्याओं के अनुसंधान में सहायता मिलती है।
- सर्वेक्षण द्वारा भावी विकास का संकेत प्राप्त होता है।
- सर्वेक्षण द्वारा अनुसंधान उपकरण के निर्माण में सहायता मिलती है।
- यह पृष्ठभूमि के विचार एवं तथ्य प्रस्तुत करने में सहायक
- यह मात्रात्मक व गुणात्मक दोनों प्रकार के तथ्यों एवं आंकड़ों का संकलन करके समस्या के समाधान में सहायक
- सर्वेक्षण में वैज्ञानिक विधि का प्रयोग किया जाता है और उसी के द्वारा संकलित तथ्यों का विश्लेषण वर्गीकरण, मूल्यांकन तथा सामान्यीकरण

2.4 प्रयोगात्मक शोध विधि Experimental Research method :

→ नवीन तथ्यों की खोज करता रहता है तथा यह शोधकर्ताओं के ज्ञान को बढ़ाने में सहायक होता है।
→ स्वतंत्र चर तथा आश्रित चर के मध्य कार्य-कारण सम्बन्धों का अध्ययन करता है।
→ परिकल्पना के परीक्षण की एक विधि है।
→ यह पद्धति इस तथ्य का वर्णन करती है कि क्या होगा ?

Cond 1 +/− Cond 2 ↔

Concept → जेम्स एस मिल :- एकल चर के नियम (Law of Single variable)

प्रयोगात्मक अनुसंधान में नि. लि. तीन चरों के आधार पर व्याख्या की जा सकती है

① स्वतंत्र चर (Independent variable) / प्रायोगिक चर - जिस चर में प्रयोगकर्ता परिवर्तन करता है, उसे स्वतंत्र चर कहते हैं
- किसी चर के प्रभाव को जानने के लिए

संचालित चर +/− ↓ → जैविक चर +/− (जोड़ तोड़) नहीं होता

② आश्रित चर (Dependent variable / प्रभाव चर) → पढ़ाने की विधि के प्रभाव का अध्ययन शैक्षिक उपलब्धि पर करना

③ बाह्य चर (Extraneous variable) :- ऐसा चर जिनका अध्ययन प्रयोगकर्ता अपने परीक्षण में नहीं करता है वह "बाह्य चर" कहलाता है।
- यह आश्रित चर को भी प्रभावित करता है

और
~~स्वतंत्र~~ नियंत्रण — आश्रित

प्रयोगात्मक शोध विधि की विशेषताएं :-

→ वैज्ञानिक विधि जो एकल चर नियम पर आधारित
→ पुनरावृत्ति (+) जिससे दूसरे अनुसंधानकर्ता के निष्कर्ष की जाँच की जा सकती है।
→ बाह्य चरों का नियंत्रण आवश्यक होता है
विलोपन (Elimination), यादृच्छिकीकरण (Randomisation) सह-प्रसरण आदि का उपयोग
→ यह विधि आणविक है - व्यवहार के आणविक तत्वों का अध्ययन
→ इस विधि में पूर्वाग्रह या पक्षपात का अभाव
- यह विधि वस्तुनिष्ठ होने के कारण प्राप्त आँकड़ों का गुणात्मक (Qualitative) तथा परिमाणात्मक (Quantitative) विश्लेषण आसानी से कर सकता है

प्रयोगात्मक शोध विधि के चरण

समस्या का चयन एवं उसका परिभाषीकरण
↓
समस्या की पहचान
↓
परिकल्पनाओं का निर्माण
↓
प्रदत्तों का संकलन
↓
प्रदत्त विश्लेषण एवं विवेचन
↓
उचित निष्कर्ष और परिणाम की प्राप्ति

वैधता परीक्षण Validity :

किसी भी परीक्षण की वैधता उसकी वह मात्रा होती है, जो एक सीमा तक वस्तु का मापन करती है। यह वह सीमा होती है, जिसके लिए उसका निर्माण किया गया होता है।

- परीक्षण वैधता का परीक्षण से घनिष्ठ सम्बन्ध
- शोध में वैधता किसी परीक्षण की विशेषता न होकर परीक्षण से प्राप्त निष्कर्षों व निर्णयों की विशेषता होती है।
- कोई भी परीक्षण अपने आप में वैध परीक्षण या अवैध परीक्षण नहीं होता, बल्कि परीक्षण का प्रयोग उसको वैध या अवैध परीक्षण बनाता है।

→ किसी भी परीक्षण को पूर्णतया वैध अथवा अवैध करना भी उचित नहीं होता है। वैधता का कोई प्रकार नहीं होता, अपितु वैधता एक इकाई प्रत्यय (unitary concept) है, जो कि पूर्णतः प्रमाण पर निर्भर करता है।

→ वैधता प्रमाण (validity evidence) तीन व्यापक स्रोतों पर आधारित होता है- विषय वस्तु, दूसरे चरों से सम्बन्धता और अन्वय (निर्मित) संरचना अवधा

गैरेट → किसी परीक्षण या मापन उपकरण की वैधता इस बात पर निर्भर करती है, कि वह कितनी शुद्धता से उस गुण का मापन करता है, जिसके लिए उसे बनाया गया है।

इस प्रकार कोई भी परीक्षण स्वीकृत मानक के अनुरूप जितना मापन करता है, वही उसकी वैधता की मात्रा होती है।

वैधता परीक्षण के प्रकार :-

- रूप वैधता
- विषयगत वैधता
- तर्कसंगत वैधता
- कारक वैधता
- पूर्व कथन वैधता
- समवर्ती वैधता
- अन्वय वैधता

वैधता को प्रभावित करने वाले कारक :-

- प्रश्नों की भाषा एवं शब्दावली
- प्रश्नों का कठिनाई स्तर
- प्रश्नों की वस्तुनिष्ठता
- प्रकरणों का अवांछित भार
- मापन का उद्देश्य
- अस्पष्ट निर्देश
- अभिव्यक्ति का माध्यम
- परीक्षण की लंबाई $r_{cn} = \frac{n r_{c1}}{\sqrt{n + n(n-1) r}}$

  r_{c1} = सह-सम्बंध के रूप में मूल परीक्षण का वैधता गुणांक

  r_{cn} = सह-सम्बन्ध के रूप में संशोधित (n गुने) परीक्षण का वैधता

  r = मूल परीक्षण का विश्वसनीयता गुणांक

- सांस्कृतिक प्रभाव
- प्रतिक्रिया प्रणाली
- वैधता के मूल्य पर अधिक विश्वसनीयता

वैधता स्थापित करने की विधियाँ.

→ तार्किक विधियाँ/आंतरिक कसौटी पर आधारित वैधता

→ सांख्यिकीय विधियों या बाह्य कसौटी पर आधारित ~~विधियाँ~~ वैधता।

वैधता प्रमाण के स्रोत

- आंतरिक संरचना पर आधारित
- विषय-वस्तु निष्कर्ष
- दूसरे चरों के सम्बन्धों पर आधारित प्रमाण/ कसौटी-सन्दर्भित सम्बन्धित वैधता criterion related validity
  - पूर्वकथन Predictive
  - एकीभूत वैधता Concurrent validity

विश्वसनीयता परीक्षण :- Reliability

{ किसी परीक्षण को एक व्यक्ति / एक समूह पर बार-बार प्रशासित किया जाए एवं प्राप्तांकों में निश्चितता पाई जाए तो ऐसे परीक्षण को विश्वसनीय परीक्षण क.. }

- परीक्षण जिस पर विश्वास किया जा सके।
- R का संबंध प्राप्तांकों में स्थायित्व से होता है।
- प्रमुख तकनीकी कसौटी
- किसी परीक्षण को वैध होने के साथ विश्वसनीय होना भी आवश्यक होता है।

फ्रीमैन :- किसी परीक्षण की विश्वसनीयता इस बात को इंगित करती है, कि उस परीक्षण में आंतरिक संगति कितनी है और उस परीक्षण के बार-बार प्रयोग से प्राप्त परिणामों में कितनी संगति है।

विश्वसनीयता का सम्बन्ध → परीक्षण में प्राप्त अंकों (Scores) की संगति consistency
महत्व होता है → मापन की परिवर्तित त्रुटि (Variable Error)

इसमें विश्वसनीयता गुणांक को स्थायित्व गुणांक और समतुल्यता गुणांक भी कहते हैं।

विश्वसनीयता ज्ञात करने की विधियाँ :-

- परीक्षण पुनः परीक्षण विधि
- समतुल्य परीक्षण विश्वसनीयता
- अर्द्ध-विच्छेद विश्वसनीयता
  स्पीयरमैन-ब्राउन सूत्र $r = \frac{2r^2}{1+r^2}$
  r = विश्वसनीयता गुणांक
  r' = परीक्षण के अर्द्ध खण्ड का विश्वसनीयता गुणांक (दो अर्द्धखण्डों के मध्य सह-सम्बन्ध गुणांक
  - सम विषम अर्द्ध विच्छेद विधि
  - प्रथम-द्वितीय अर्द्धांश विधि
- तार्किक समतुल्यता विश्वसनीयता / कुडर रिचर्डसन विधि / आंतरिक संगति गुणांक
  दोसूत्र K-R 20 ✓
  K-R 21
- होयट विश्वसनीयता

विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाले कारक

- परीक्षण की लंबाई $r_n = \frac{n r_1}{1-(n-1) r_1}$
  r_n = परीक्षण का विश्वसनीयता गुणांक
  r_1 = मौलिक परीक्षण की विश्वसनीयता
  n = परीक्षण की लंबाई बढ़ाने का गुणांक
- परीक्षण की सजातीयता
- विभेदन क्षमता
- कठिनाई स्तर
- योग्यता प्रसार
- आयु प्रसार
- वस्तुनिष्ठता
- प्रशासन की परिस्थितियां एवं फलांकन की विधि
- विश्वसनीयता ज्ञात करने की विधि

⇒ परीक्षण की विश्वसनीयता को बढ़ाने के उपाय :-

- प्रश्नों की संख्या अधिक की जानी चाहिए
- प्रश्नों को अधिक सजातीय बनाया जाना चाहिए
- परीक्षण में अधिक विभेदक क्षमता वाले प्रश्न शामिल किए जाने चाहिए
- परीक्षण में औसत कठिनाई स्तर वाले प्रश्न शामिल किए जाने चाहिए
- परीक्षण में वस्तुनिष्ठ प्रश्न रखने चाहिए
- छात्रों के समूह का योग्यता प्रसार किया जाना चाहिए।

ऑब्ट्रूसिव और नॉन-ऑब्ट्रूसिव विधियाँ :- संचार शोध कार्य में डाटा संग्रहण के लिए विभिन्न प्रकार की प्रविधियों का प्रयोग किया जाता है।

- इसमें ऑब्ट्रूसिव तथा नॉन-ऑब्ट्रूसिव प्रविधियाँ, संचार शोध डाटा संग्रहण की दो प्रमुख प्रविधियाँ है।

→ ऑब्ट्रूसिव विधि

- ऑब्ट्रूसिव विधि में डाटा संग्रहण प्रक्रिया के दौरान सम्बन्धित विषय (concern object) को इस तथ्य से अवगत कराया जाता है कि उसका अध्ययन किया जा रहा है।
- अत: सम्बन्धित विषय की प्रतिक्रिया और उनके व्यवहार का विश्लेषण करके वाँछनीय आँकड़ों की प्राप्ति की जाती है।
- इसके लिए साक्षात्कार और प्रश्नावली प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण :- यदि किसी शरणार्थी शिविर में उपस्थित व्यक्तियों से सम्बन्धित विभिन्न आँकड़ों का संग्रह करना हो तथा उस शिविर के सभी व्यक्ति इस तथ्य से अवगत हों कि उन पर शोध कार्य हेतु कुछ आँकड़ों की आवश्यकता है और साक्षात्कार तथा प्रश्नावली प्रक्रिया के द्वारा उस शिविर से सम्बन्धित व्यक्तियों के बारे में कुछ आँकड़ों को एकत्र किया जाए, तो यह प्रविधि ऑब्ट्रूसिव प्रविधि कहलाएगी!

★★★ नॉन-ऑब्ट्रूसिव विधि :-

- जब शोधकर्ता द्वारा आँकड़ों का संग्रहण इस प्रकार किया जाता है कि सम्बन्धित विषय को इस तथ्य की जानकारी नहीं होती है कि उस पर शोध कार्य किया जा रहा है
- उदा. यदि शरणार्थी शिविर के व्यक्तियों के सन्दर्भ में आँकड़ों का संग्रहण इस प्रकार किया जाता है कि उन व्यक्तियों को इस तथ्य का संज्ञान न हो, तो इसे नॉन ऑब्ट्रूसिव विधि कहा जाएगा !

⇒ नॉन-ऑब्ट्रूसिव विधि के अन्तर्गत तीन प्रक्रियाओं - अप्रत्यक्ष गणना (Indirect measure), सामग्री विश्लेषण (content analysis) और द्वितीय डाटा विश्लेषण Secondary analysis of Data का प्रयोग किया जाता है।

कराल्गिर के अनुसार :- द्वितीयक स्रोत किसी ऐतिहासिक घटना या स्थिति का वह अभिलेख या रिकॉर्ड है, जो मूल भण्डार से एक या दो कदम दूर होते हैं।

★★ द्वितीय स्रोत डाटा :

इन स्रोतों में वे डाटा शामिल होते हैं, जिन्हें किसी अन्य उद्देश्य के लिए एकत्रित और संकलित किया जाता है।

- द्वितीय स्रोतों में आसानी से उपलब्ध सारांश और पहले से ही सांख्यिकीय वक्तव्यों और रिपोर्ट को डाटा के रूप में स्वीकार किया जाता है, जिसे शोधकर्ताओं द्वारा अनेक अध्ययनों में प्रयोग किया जाता है।

उदा. जनगणना रिपोर्ट, वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय कम्पनियों की रिपोर्ट, सहकारिता से सम्बन्धित रिपोर्ट, नेशनल बैंक द्वारा प्रकाशित फाइनेंस रिपोर्ट राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन की रिपोर्ट ट्रेड संगठनों की रिपोर्ट का प्रयोग अन्तर्राष्ट्रीय संगठन - UNO, IMF, WB प्रकाशन ILO, WHO

ट्रेड एवं फाइनेंस जर्नल, समाचार पत्र आदि की शोध के लिए किया जा सकता है।

→ द्वितीयक स्रोतों में न केवल प्रकाशित रिकॉर्ड और रिपोर्ट, बल्कि उसके अप्रकाशित रिकॉर्ड भी शामिल होता है

→ बाद के वर्गों में फर्म और संगठनों द्वारा व्यवस्थित किए गए विभिन्न अन्य रजिस्टर भी शामिल होते हैं;

जैसे लेखांकन और वित्तीय अभिलेख
व्यक्तिगत रिकॉर्ड
सदस्यों के रजिस्टर सम्मेलन
घटना रिकॉर्ड आदि !

⇒ किसी ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी मूल स्रोत से न कर किसी अन्य स्रोत से प्राप्त करना द्वितीयक स्रोत में शामिल है।

→ यह प्राथमिक स्रोत की तुलना में कम विश्वसनीय होता है

→ किसी का जीवन इतिहास, व्यक्तिगत विवरण, संस्मरण इत्यादि द्वितीयक स्रोत के उदाहरण है

→

Interview : **साक्षात्कार** : साक्षात्कार अंग्रेजी भाषा के "इण्टरव्यू" शब्द का हिंदी रूपांतरण है। – वह विधि, जिसके द्वारा व्यक्ति के भीतर झांका जा सके।

Inter view
भीतर झाँकना/देखना = भीतर देखना

"साक्षात्कार का अर्थ एक ऐसी विधि से होता है, जिसके द्वारा किसी व्यक्ति की आंतरिक स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की जा सके।

- शोध सामग्री के संग्रहण का एक माध्यम है - आमने-सामने बैठकर - बातचीत, चर्चा, सेवार्ता Contact
- प्रेक्षण विधि में शोधकर्ता केवल उनके व्यवहारों आदि का अवलोकन करता है। जानकारी प्राप्ति करने हेतु उनसे कोई प्रश्न आदि नहीं पूछता
- साक्षात्कार का माध्यम, भाषा अर्थात बातचीत होती है। उसमें किसी प्रश्नावली अथवा मनोवैज्ञानिक परीक्षा का प्रयोग नहीं किया जाता है।
- >1 साक्षात्कारकर्ता, परन्तु अनुसंधान में 1 ही साक्षात्कारकर्ता
- व्यवहार विज्ञान में साक्षात्कार का प्रयोग चयन, उपचार, निदान हेतु भी किया जाता है।
- मानव विकास के आरम्भिक वर्षों में साक्षात्कार का प्रयोग मनुष्य के स्वभाव तथा उसके व्यक्तित्व के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु किया जाता है

डेंजिन > साक्षात्कार आमने-सामने किया गया एक संवादयुक्त आदान-प्रदान है, जहाँ एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से कुछ सूचनाएं प्राप्त करता है"

साक्षात्कार का स्वरूप

- साक्षात्कार के प्रारूप में काफी लचीलापन होता है।
- साक्षात्कार में साक्षात्कारकर्ता द्वारा, न कि प्रत्यर्थी द्वारा, सूचनाओं को रिकॉर्ड किया जाता है
- साक्षात्कार एक आमने-सामने की परिस्थिति होती है।
- साक्षात्कार में प्रश्न पूछे जाते हैं तथा उनके उत्तर शाब्दिक रूप में दिए जाते हैं
- साक्षात्कारकर्ता तथा साक्षात्कार देने वाले व्यक्ति के बीच का सम्बन्ध विशिष्ट ढंग से संरचित होता है।

सफल साक्षात्कार के महत्वपूर्ण बिन्दु (संचालन, समापन) > कला है

- उत्तरदाता को उत्तर देने में मौखिक स्वतंत्रता
- उत्तरदाता से सफल मैत्रिक भावना की स्थापना
- प्रक्षेपी आधार पर प्रश्नों को पूछना
- समय-2 पर वार्तालाप के बीच में मनोरंजन की भी बातें करते रहना
- प्राप्त उत्तरों को सावधानीपूर्वक तथा सहानुभूतिपूर्वक सुनना
- साक्षात्कार का सफल व सन्तोषजनक समापन
- उत्तरों का व्यापक तथा परिशुद्ध अभिलेखन करना
- उत्तरदाता से अत्यधिक घनिष्ठता से बचना
- रूढ़िबद्ध प्रश्नों तथा उत्तर-निर्देशक प्रश्नों का यथासम्भव बहिष्कार करना
- अप्रत्यक्ष प्रश्नों की रचना
- वस्तुपरक तथा व्यापक साक्षात्कार-अनुसूची की रचना, निर्धारण मापनियों का उपयोग
- संवेदनशील प्रश्नों को समयानुसार ही पूछना
- उत्तरदाता को विस्तृत, व्यक्तिगत व सूक्ष्म उत्तरों को देने के लिए प्रेरित करते रहना।
- प्रेरणात्मक अन्तर्क्रिया
- उत्तरों के अभिलेखन में यथासम्भव यांत्रिक साधनों का उपयोग।

साक्षात्कार की प्रक्रिया

अन्तर्क्रिया - साक्षात्कारकर्ता ↔ प्रत्यर्थी
निश्चित उद्देश्य

1. साक्षात्कार हेतु तैयार - Infⁿ Unit, Queⁿ पूर्व Personality अध्ययन, बुनियादी, मान्यता, Ex study
2. प्रतिष्ठा स्थापित करना
3. सूचनाओं का अभिलेखन - ज्यों के त्यों - By Record, अभिलेख

साक्षात्कार के प्रकार

1. नैदानिक साक्षात्कार (Clinical Interview) / गहन
2. निदानात्मक साक्षात्कार (Diagnostic Interview)
3. चयन साक्षात्कार (Selection Interview)
4. शोध साक्षात्कार (Research Interview)
5. संरचित सा. (Structured Interview) औपचारिक / प्रतिबंधित साक्षात्कार
6. असंरचित सा. (Unstructured Interview)
7. केन्द्रित साक्षात्कार (Central Interview)

साक्षात्कार का महत्व

- गोपनीय सूचनाएं देना
- व्यक्तिगत सम्पर्क में सहायक
- शोध के स्पष्टीकरण का सहायक
- व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक गुणों की जानकारी
- लचीलापन
- व्यक्ति को अवसर
- प्रेक्षण का अवसर
- प्रश्न पूछने की स्वतन्त्रता
- अन्य विधियों से प्राप्त तथ्यों का सत्यापन

केस स्टडी! - केस अध्ययन का सम्बन्ध किसी व्यक्ति, समूह, संगठन, संस्था या घटना के गहन अध्ययन करने से है।
- इस विधि में किसी एक या अनेक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है

पीवी यंग - केस अध्ययन किसी सामाजिक इकाई की संभालना या उसका विश्लेषण करना है
→ यह इकाई एक व्यक्ति हो सकता है, एक संस्थान, एक सांस्कृतिक समूह यहाँ तक कि एक पूरा परिवार हो सकता है।

उद्देश्य, इकाई विशेष के जटिल व्यवहार और तौर तरीकों को समझना, उसके कारणों और प्रभावों के बीच अन्तर्सम्बन्धों को खोजना है।
- यह गुणात्मक विधि है (Qualitative)
- केस अध्ययन विधि में सामान्यतः व्यक्तिगत साक्षात्कारों, सामान्य साक्षात्कारों अथवा दस्तावेजों (व्यक्तिगत, अधिकारिक, पत्र व्यवहार आदि) के आधार पर आँकड़े जुटाए जाते हैं।

अन्य विधि - सामान्य पहलू
केस study - इकाई के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक पहलू पर भी
- इसमें संख्या के स्थान पर विश्लेषण पर बल दिया जाता है

केस अध्ययन आविष्कार के घटक :-
C.S. Generally - single person या small group
- कभी-कभार घटने वाली किसी एक घटना पर आधारित होता है
- किसी घटना का आपके भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसको जानने के लिए गुणात्मक शोध की आवश्यकता होती है
- निरंतरता
- प्रदत्तों की पूर्णता
- प्रदत्तों की वैधता
- आलेख की गोपनीयता
- वैज्ञानिक विश्लेषण

केस अध्ययन की विशेषताएं
- इसमें सूचनाएं समग्रता में जुटाई जाती हैं, इसलिए समस्या समाधान में आसानी होती है
- इसमें वास्तविक जिन्दगी, स्थितियों के किसी एक पहलू, विशेष स्थितियों का अध्ययन
- केस अध्ययन विषय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत
- इसमें प्राक्कल्पना निर्धारित करने में बहुत मदद मिलती है
- कोई समस्या कैसे पैदा हुई या कोई घटना कैसे घटी यह जानने के लिए केस अध्ययन विधि का प्रयोग किया जाता है
- इस विधि से अध्ययन करने से शोधकर्ता के निजी अनुभव का विस्तार होता है।
- इस विधि से प्राप्त आँकड़ों का संक्षिप्तीकरण, वर्गीकरण और सामान्यीकरण आसान नहीं होता है
- इस विधि में पूर्वाग्रह (Bias) होने की संभावना कम
- लंबी अवधि तक एक विषय का गहन अध्ययन
- केस अध्ययन एक ऐसा उपागम है, जो सामाजिक इकाई (social unit) को एक सम्पूर्णता के दृष्टिकोण से देखता है
- यह आवश्यक नहीं कि यह सामाजिक इकाई कोई एक व्यक्ति हो, बल्कि यह परिवार, सामाजिक समूह, समुदाय या सामाजिक संस्थान कुछ भी हो सकता है

32

प्रश्नावली :

- प्रश्नावली प्रश्नों अथवा कथनों की एक ऐसी लिखित सूची होती है, जिसके प्रश्नों के उत्तर, उत्तरदाता स्वयं लिखता है।
- इन प्रश्नों को एक पुस्तिका अथवा प्रपत्र के रूप में छपवाया जाता है।
- ये प्रपत्र या तो डाक द्वारा उत्तरदाताओं को भेजे जाते हैं, जिनके उत्तर लिखकर वे शोधकर्ता को वापस लौटा देते हैं अथवा शोधकर्ता उत्तरदाताओं को अपने सामने बैठाकर उन्हें ये पुस्तिकाएं बाँट देता है तथा उत्तरदाता प्रश्नों को पढ़कर स्वयं उनके उत्तर लिख देते है।

गुडे व हॅट : "प्रश्नावली से तात्पर्य एक ऐसे साधन से है, जिसमें एक फॉर्म के सहारे प्रश्नों के उत्तर दिए जाते हैं तथा जिसे प्रत्यर्थी स्वयं भरते हैं।"

→ प्रश्नावली किसी तथ्य से सम्बन्धित कई प्रश्नों का एक समूह होती है। दूसरे शब्दों में, जब किसी शोध समस्या के चर को मापने के लिए उस चर से सम्बन्धित कई प्रश्न एक साथ तैयार कर लिए जाते हैं, तो इन प्रश्नों को प्रश्नावली कहा जाता है।

→ प्रश्नावली एक फॉर्म के रूप में तैयार की जाती है जिसमें प्रश्न, उसके उत्तर एवं उसके उत्तर के लिए जगह, प्रत्यर्थी का नाम, पता, योग्यता आदि लिखने के लिए भी पर्याप्त स्थान होता है।

→ प्रश्नावली की एक विशेषता यह होती है कि इसे प्रत्यर्थी स्वयं पढ़ता है तथा पुस्तिका में छपे प्रश्नों का उत्तर भी स्वयं देता है। यह उत्तर उसे अपने पूर्व अनुभवों के आधार पर देना होता है। चूंकि, प्रश्नावली में प्रत्यर्थी अपने बारे में स्वयं वर्णन करता है, इसलिए इसे कुछ विद्वानों ने आत्म रिपोर्ट प्रविधि भी कहना पसंद किया है।

प्रश्नावली के उद्देश्य :

- अध्ययन की सुविधा तथा सरलता
- कम खर्च तथा कम श्रम
- दूरस्थ क्षेत्रों तथा विस्तृत क्षेत्रों का अध्ययन
- द्रुतगामी अध्ययन
- व्यवस्थित तथा वस्तुपरक अध्ययन

प्रश्नावली की विशेषताएं :-

एक अनुसंधान कार्य में तथ्य तथा सूचनाएं संकलित करने के लिए सबसे अधिक उपयोग में आने वाला उपकरण प्रश्नावली है।

- प्रश्नावली में दिए गए प्रश्नों के महत्व को समझ सकें तथा उसका सही उत्तर दे सकें।
- प्रश्नों की भाषा सरल हो तथा प्रश्न नुकीले होने चाहिए अर्थात् प्रश्न से सभी लोग एक ही अर्थ निकालें।
- द्विअर्थक शब्दों का प्रयोग नहीं होना चाहिए।
- यथासम्भव प्रश्नावली की लम्बाई कम होनी चाहिए, क्योंकि अधिक लम्बी प्रश्नावली से प्रत्यर्थी में मानसिक नीरसता उत्पन्न होती है और वह प्रश्नों का उत्तर भिन्न-भिन्न मन से दे पाता है।
- प्रश्नावली की लम्बाई से तात्पर्य प्रश्नावली में रखे गए प्रश्नों की संख्या से है।

प्रश्नावली के प्रकार :-

व्यवहारपरक विज्ञानों में प्रयुक्त होने वाली प्रश्नावली को दो कसौटियों पर विभिन्न भागों में बाँटा गया है।

- प्रश्नावली में व्यवहृत एकांशों के आधार पर
  - निश्चित या सीमित एकांश वाली प्रश्नावली
    - उत्तर सीमाबद्ध / नियंत्रित
    - प्रश्नों के कुछ निश्चित उत्तर
    - विकल्प
    - लिखना नहीं पड़ता - चिह्न ✓
    - अज्ञ व्यक्ति की तरह जो अपने विचार को शाब्दिक रूप से व्यक्त करने में असमर्थ
  - विस्तृत एकांश वाली प्रश्नावली
    - लिखित उत्तर
    - व्यक्ति की मनोवृत्ति
    - मत
    - ज्ञान
    - सम्पूर्ण अभिव्यक्ति
    - गहराई में जानना है
- क्रियान्वयन के तरीकों के आधार पर
  - आमने-सामने क्रियान्वित प्रश्नावली
    - शोधकर्ता
    - Proxent
    - मौखिक निर्देश
    - गलतफहमी / जिज्ञासाएं
    - सौहार्दपूर्ण सम्बंध
  - डाक प्रश्नावली

- प्रश्नों में प्रयुक्त होने वाले शब्द तथा वाक्य यथासम्भव सरल हों, ताकि उससे प्रत्यर्थी के मन में किसी प्रकार की सम्भ्रान्ति उत्पन्न न हो। प्रत्येक प्रश्न में एक ही स्पष्ट विचार सम्मिलित होना चाहिए
- एक प्रश्न में एक विचार निहित होना चाहिए
- ~~एक~~ प्रश्न वस्तुनिष्ठ होने चाहिए
- प्रश्नावली का निर्देश पूर्ण एवं स्पष्ट होना चाहिए
- प्रश्न क्रमबद्ध रूप में व्यवस्थित होने चाहिए
- प्रश्नों का क्रम मनोवैज्ञानिक तथा प्रभावकारी होना चाहिए। सामान्यतः प्रश्नावली में सामान्य प्रश्नों को पहले तथा विशिष्ट प्रश्नों को बाद में उपस्थित करना चाहिए या अनुकूल प्रश्नों को पहले तथा प्रतिकूल प्रश्नों को बाद में रखना चाहिए
- प्रश्न उत्तरदाता की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले नहीं होने चाहिए।

प्रश्नावली का निर्माण :-

अध्ययन की समस्या
प्रश्नों का लिखना
प्रश्नावली का बाह्य रूप
आकार
कागज
छपाई
प्रश्नों की व्यवस्था
प्रश्नों का निर्माण
प्रश्नावली की जाँच

प्रश्नावली की सीमाएँ

- केवल उच्च स्तर के शिक्षित व्यक्तियों का अध्ययन
- सार्वभौमिक प्रश्नों की रचना में कठिनाई
- गहन तथा सतत अध्ययन के लिए अनुपयुक्त
- विभिन्न व्याकरणिक कठिनाइयाँ
- पक्षपात पूर्ण प्रतिचयन
- अधिकांश उत्तरों का अपर्याप्त रूप में उपलब्ध होना

✓ (Schedules) अनुसूचियाँ ; इस विधि में जानकारी एकत्रित करने के लिए प्रगणक (Enumerators) की नियुक्ति की जाती है एवं अनुसूचियों में प्रासंगिक प्रश्नों को सम्मिलित किया जाता है।

Observation अवलोकन.

इसमें साक्षात्कार (Interview) लिए बिना जाँचकर्ता के स्वयं के अवलोकन के माध्यम से जानकारी एकत्र की जाती है और प्राप्त की गई जानकारी वर्तमान घटनाओं से ही सम्बन्धित होती है।

→ यह विधि काफी महँगी होती है और इस विधि द्वारा सीमित जानकारी ही एकत्रित की जाती है।

→ यह विधि बड़े न्यादर्श के लिए उपयुक्त नहीं है।

⇒ Case Study

→ Interview

Qualitative Research :- गुणात्मक शोध विधि

- इस अनुसंधान का उद्देश्य मानव व्यवहार तथा उसे नियंत्रित करने वाले कारणों को समझना होता है।
- इस विधि के अन्तर्गत क्या, कहाँ, कब, क्यों और कैसे आदि प्रश्नों की जाँच की जाती है।
- इस विधि में Hypothesis (परिकल्पना) , यह विकल्प खुला रखते हैं
- यह विधि मात्रात्मक के स्थान पर व्यक्तिगत अनुभवों के विश्लेषण पर बल देता है

- गुणात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत कुछ विशिष्ट विधियों का प्रयोग किया जाता है, जैसे कि वे
- समूह केन्द्रित अनुसंधान (Focus Group research).
- प्रत्यक्ष अवलोकन (Direct observation) : वहा पर्यवेक्षक के द्वारा
- गहन साक्षात्कार (Indepth interviews)
- कथात्मक अनुसंधान (Narrative Research) - मुख्य साहित्य की मीमांसा
- घटनाजन्य अनुसंधान (Phenomenological Research) - अनुसंधानकर्ता व्यक्तियों से किसी घटना के विषय में उनके अनुभवों को समझने का प्रयास करता है
- जातिवृत्त अनुसंधान (Ethnography) :- जातिवृत्तात्मक का मूल मानवशास्त्र में है। इस अनुसंधान का उद्देश्य भौतिक और सामाजिक पर्यावरण का निर्धारण करना है।
- व्यक्तिगत अध्ययन अनुसंधान (Case study Research)- यह मनोवैज्ञानिक विकार सामाजिक शास्त्र, व्यापार क्षेत्र आदि से प्रदत्तों को एकत्रित करने की विधि है। यह एक व्यक्ति, परिवार, समूह या समुदाय हो सकता है इसका मुख्य उद्देश्य - इकाई के जीवन स्तर को समझना
- प्रदत्त आधारित सिद्धांत (Grounded theory) इसके अन्तर्गत शोधकर्ता द्वारा एकत्रित किए प्रदत्तों के विश्लेषण के आधार पर किसी सिद्धांत को विकसित किया जाता है.

Qualitative Data Analysis : विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण कई बार व्यक्तिगत हो सकता है और इसके मुख्य रूप से कुछ नियम एवं प्रक्रियाएँ हो सकती हैं

इसमें शोधकर्ता सामग्री विश्लेषण की प्रक्रिया को अपनाता है। सामग्री विश्लेषण का अर्थ है कि मुख्य विषय की पहचान करने के लिए साक्षात्कार की सामग्री का विश्लेषण करना।

इस प्रक्रिया में विश्लेषण होते हैं -
- मुख्य विषयों को स्पष्ट करना
- मुख्य विषयों के लिए कूट निरूपित करना
- मुख्य विषयों के अन्तर्गत प्रतिक्रियाओं को वर्गीकृत करना
- रिपोर्ट के मूलपाठ में विषयों और प्रतिक्रियाओं को संकेतित करना

Field Research
- Group discussion
- Discourse analysis

3.4 Quantitative मात्रात्मक / परिमाणात्मक शोध विधि / मात्रात्मक शोध विधि :-

→ मात्रात्मक या परिमाणात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत पहले उपकल्पना का निर्धारण होता तथा सिद्धांत पहले से ही निर्धारित रहते हैं।

→ शोध तथा आँकड़ों पर आधारित होने के कारण इसका निष्कर्ष भी आकड़ों द्वारा ही निर्धारित होता है।

→ यह अनुसंधान किसी भी प्रकार के भाव से रहित होता है।

→ इस अनुसंधान में सूचना सांख्यिकीय रूप से प्राप्त होती है।

→ यह अनुसंधान संरचित साक्षात्कार, अवलोकन, अभिलेख तथा रिपोर्ट की समीक्षा का डाटा संग्रहण होता है

- Quantitative Data analysis :- यह विधि अच्छी तरह से अभिकल्पित और प्रशासित सर्वेक्षण के लिए शाब्दिक प्रश्नावली का उपयोग करने के लिए सबसे उपयुक्त है।
  - इसमें आंकड़ों का विश्लेषण मैन्युअली या कम्प्यूटर की सहायता से किया जा सकता है।

Quantitative Research design :-

Historical Comparative Research :-

ऐतिहासिक शोध

- इतिहास बीती हुई घटनाओं का एक विश्वसनीय, क्रमबद्ध एवं समन्वित विवरण प्रस्तुत करता है
- इसके अध्ययन का मुख्य प्रयोजन अतीत के बारे में जानना और ऐसी सीख लेना है जो न सिर्फ वर्तमान को सुधारे, बल्कि भविष्य में भी सचेत और सजग रहने की प्रेरणा दे
- किसी के विगत जीवन तथा विकास से सम्बन्धित अतीत को सामने लाकर उससे इस प्रकार की सीख लेने का प्रयत्न किया जाना, जिससे वर्तमान को सँभालने और भविष्य के बारे में उचित नियोजन करने में मदद मिले।

ऐतिहासिक शोध की परिभाषा :- बेस्ट एवं ~~कहन~~ काहन :- ऐतिहासिक शोध वैज्ञानिक विधि का अनुप्रयोग है, जिससे अतीत की घटनाओं का वर्णन और विश्लेषण किया जाता है।

ऐतिहासिक शोध का अर्थ एवं प्रकृति :-

- भूतकालीन वस्तुओं और घटनाओं के अध्ययन से
- उद्‌गम & विकास के सन्दर्भ में उसे जानने & समझने
- अनुसंधानकर्ता इस प्रकार के शोध में अतीत का पुनः सृजन कर, जो बीत गया है उसे फिर अपनी तरह से सबके सामने लाने का प्रयत्न करता है
- → जो घटनाएं घट चुकी है उनका प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हो सकता और न ही उनकी उसी रूप में पुनरावृत्ति हो सकती है।
- ऐसी अवस्था में शोधकर्ता के पास उनके बारे में जानने का एक ही साधन है और वह उन स्रोतों तक पहुँचना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से घटित हुई घटना का साक्ष्य प्रदान कर सकते हैं
- → शोधकर्ता द्वारा साक्ष्य/प्रलेख आदि का गहराई से अध्ययन और विश्लेषण करके ऐसे तर्कसंगत निष्कर्ष निकाले जाते हैं जिनसे जो अतीत में घट चुका है उसका सही-सही वर्णन किया जा सके।
- अतीत की घटनाओं की व्याख्या एवं वर्णन करने में शोधकर्ता को कालक्रम का ध्यान रखता है। पर ऐसा करते हुए उसे यह समझना आवश्यक होता है कि घटनाओं को उनके घटने के क्रमानुसार व्यवस्थित करने में ही शोध कार्य पूरा नहीं हो जाता।
- ऐतिहासिक शोध के परिणामों को शोधकर्ता द्वारा ऐसे सामान्यीकरण तथा निष्कर्षित तथ्यों के रूप में लिखा जाता है। जिनमें न केवल वर्तमान घटने वाली घटना को समझने में सहायता मिले, बल्कि भविष्य में घटने वाली घटनाओं का अनुमान लगाया जा सके।
- ऐतिहासिक शोध में घटनाओं के घटने के कालक्रम पर ध्यान देने के अतिरिक्त किसी विचार या दर्शन विशेष के उद्गम, विकास, प्रभाव से सम्बन्धित बातों की ऐतिहासिक खोज/विवेचना।

ऐतिहासिक शोध में प्रयुक्त सोपान :-

- अनुसंधान प्रतिवेदन लेखन
- ↑
- संकलित प्रदत्तों का मूल्यांकन → आंतरिक समीक्षा / समीक्षा
- ↑
- प्रदत्त संकलन → प्राथमिक स्रोत / गौण स्रोत
- ↑
- साहित्य पुनरावलोकन
- ↑
- अनुसंधान परिकल्पनाओं का निर्माण
- ↑
- [अनुसंधान समस्या की पहचान और उसका विशिष्टीकरण]

ऐतिहासिक शोध के क्षेत्र :- जनसंचार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र के क्षेत्र में व्यापक need

- जनसंचार में इसके माध्यम से अतीत की संचार सम्बन्धी दार्शनिक विचारधारा, पद्धतियों, आवश्यकताओं तथा आदर्शों की जानकारी उपलब्ध होती है
- तथा उसके सन्दर्भ में वर्तमान समय में जनसंचार की समस्या तथा व्यवस्था का सन्दर्भ मिलता है

ऐतिहासिक शोध का उद्देश्य :-

- अतीत की विचारधाराओं के क्रमिक विकास का विश्लेषण जो इतिहास के विभिन्न कालों में उदित हुई।
- अतीत की पृष्ठभूमि में इन विचारधाराओं की व्याख्या
- वर्तमान समय की आवश्यकताओं के सन्दर्भ में उनका मूल्यांकन
- सरकारी तथा गैरसरकारी क्षेत्रों में नीति निर्धारण के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक शोध के तथ्यों से विशेष सहायता व सुविधा उत्पन्न होती है
- अतीत की त्रुटियों के प्रति सतर्क
- भविष्य के लिए सचेत

3

Application Research in Electronic Media.

मीडिया : लैटिन भाषा - Medium - माध्यम - सूचनाओं का आदान-प्रदान

मनुष्य प्रवृत्ति और → जिज्ञासु । रुचि
देखें दुनिया घटित घटना
ढूँढना।

मीडिया शोध :- मीडिया शोध, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, शारीरिक पहलुओं तथा विभिन्न मास मीडिया के प्रभाव का अध्ययन

उदा० - लोग एक विशेष माध्यम के साथ कितना समय बिताते है ?
- यह लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने में प्रभावशाली रहाहै या नहीं ?
- माध्यम के प्रयोग से किस प्रकार का हानिकारक प्रभाव पड़ता है ?
- प्रभाव, प्रौद्योगिकी के कारण है या फिर कार्यक्रम की सामग्री की वजह से ?
- मीडिया उपयोगकर्ता क्या देखना, सुनना, पढ़ना और अनुभव करना चाहता है ?

"मीडिया शोध के अन्तर्गत मीडिया के विभिन्न पक्षों का विकास, उनकी उपलब्धियों एवं प्रभाव पर गहनता से विचार-विमर्श तथा वैज्ञानिक विधि से अध्ययन किया जाता है;

जैसे मीडिया कैसे और क्या कार्य करता है ?
मीडिया में कौन सी तकनीक प्रयोग की जाती है ?
उसकी प्रकृति क्या है।

Use
- ई-शिक्षा में सहायक
- शोध में सहायक
- व्यवसाय में सहायक - विज्ञापन, जागरूकता, etc
- नव चेतना का संचार -
- राजनीति में भागीदारी
- टीचिंग, ब्लॉग और राइटअप
- ब्रांड का निर्माण
- व्यापक सहायता

मीडिया शोध का सिद्धांत

→ मीडिया शोध में मीडिया का विकास, उनकी उपलब्धियाँ और प्रभाव के बारे में अध्ययन की एक पूरी श्रृंखला शामिल है

सिद्धांत
→ निष्पक्षता का सिद्धांत
→ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सिद्धांत
→ गोपनीयता की रक्षा का सिद्धांत
→ वैज्ञानिक दृष्टि का सिद्धांत

उद्देश्य
- भ्रमों का निवारण
- नए विचारों का विकास
- समस्याओं का निदान
- प्रतिपुष्टि
- सामाजिक और सांस्कृतिक अध्ययन

भारत में मीडिया शोध में प्रमुख चलन

काल	वर्ष	मीडिया	शोध चलन
प्रारम्भिक काल	1947-1960	रेडियो	एक्सटेन्शन स्टडीज, डिफ्यूजन और एडोप्शन प्रोसेस सम्बन्धी अध्ययन
	1961-1970	रेडियो & प्रिन्ट	इम्पैक्ट स्टडीज, डिफ्यूजन एण्ड एडोप्शन प्रोसेस सम्बन्धी अध्ययन
प्रयोगात्मक काल	1971-1980	उपग्रह चैनल	परिवार नियोजन, स्वास्थ्य और शिक्षा प्रसार में मीडिया की भूमिका
	1981-1990	टेलीविजन & प्रिन्ट	टेलीविजन का प्रभाव एवं दर्शकता, टेलीविजन धारावाहिक - हम लोग टेलीविजन में सामाजिक सन्देश
आधुनिक काल	1991-2000	सिनेमा TV	मीडिया के प्रभाव का अध्ययन
डिजिटल युग	2001-2010	टेलीविजन समाचार नया माध्यम	टेलीविजन समाचारों की विषयवस्तु का विश्लेषण, सिनेमा और अन्य दृश्य माध्यम
	2010-2015	सोशल मीडिया, साम्प्रदायिक माध्यम	गुणात्मक शोध, डिस्कोर्स, स्वालिनित जेण्डर अध्ययन

5.2 संचार शोध का स्वरूप :

→ संचारक स्रोत विश्लेषण Communicator Source analysis :- संचारक और उसके वेगु जो प्रभावी संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है,

- संचारशोधार्थिओं को आकर्षित करते रहते है।
- संचारक स्रोत की विश्वसनीयता, विशेषज्ञता, उद्देश्य और आकर्षण का ऑडियन्स पर प्रभाव पड़ता है।
- संचारक स्रोत विश्लेषण के अन्तर्गत इन सभी कारकों के सामाजिक प्रभाव का अध्ययन किया जाता है।

→ सन्देश विश्लेषण :- संदेश की अन्तर्वस्तु का विश्लेषण करना और इसका संचार के अन्य तत्वों के साथ सम्बन्ध मुख्यतः लोगों के व्यवहार, मनोवृत्तियों और मूल्यों पर प्रभाव का अध्ययन संचार शोध का महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है।

- इसे अन्तर्वस्तु की शैली, विस्तार, पठनीयता, प्रभाव, तर्कशीलता और अन्य विशेषताओं के आधार पर जाँचा जाता है।

→ चैनल विश्लेषण :- विभिन्न प्रकार के चैनलों या संचार माध्यमों की विशेषताओं उनकी शक्तियों और सीमाओं, उनकी पहुंच और प्रभाव का अध्ययन भी संचार शोध का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र होता है।

- इसमें संचार सन्देशों के सम्प्रेषण में चैनल माध्यमों की भूमिका का अध्ययन किया जाता है।

ऑडियन्स शोध :- ऑडियन्स की विशेषताओं; जैसे उसका आकार, गठन, भौगोलिक वितरण रुचियों, मनोवृत्तियों, विचारों और व्यवहार (प्रतिक्रिया) का अध्ययन संचार शोध की रुचि का प्रमुख क्षेत्र रहे है।

- ऑडियन्स शोध के अन्तर्गत इन सभी तत्वों का अध्ययन किया जाता
- पाठक सर्वेक्षण और कार्यक्रम की रेटिंग; जैसे टीआरपी, ऐसे शोध कार्य है

प्रक्रिया और प्रभाव शोध : संचार माध्यमों के प्रभाव (विशेषकर संचार प्रक्रिया के विभिन्न तत्वों) का विभिन्न स्तरों - पहुँच व सम्पर्क, व्यापकता, समझ या बोध, स्मृति बोध, स्वीकृति और कार्यवाही पर अध्ययन संचार शोध का महत्वपूर्ण क्षेत्र होता है।

→ इसके अन्तर्गत संचार माध्यमों के व्यावहारिक और क्रियात्मक प्रभाव का अध्ययन किया जाता है।